अति आवश्यक/समयबद्ध

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी,बरेली।

पत्रांक :–मु0चि0अ0/त0नि0प्रको0/2018–19/836 दिनांक–02.08.2018

1. प्रमुख अधीक्षक/अधीक्षिका, जिला पुरूष/महिला चिकित्सालय, बरेली।
2. जिला क्षय रोग अधिकारी/जिला कुष्ठ अधिकारी, बरेली।
3. नोडल अधिकारी, वेक्टर बार्न/डी0बी0सी0एस0/आई0डी0एस0पी0,बरेली।
4. समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी,बरेली।
5. समस्त अधीक्षक,सा0स्वा0केन्द्र एवं समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी,प्रा0स्वा0केन्द्र, जनपद, बरेली।

विषय :–जनपद में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 के प्रति जन–मानस को जागरूक करने तथा तम्बांकू नियंत्रण हेतु समस्त कार्यालयों एवं समस्त स्वास्थ्य इकायों में येलो लाइन कैम्पेन चलाये के सम्बन्ध में।

महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ/2018–19/1556 लखनऊ दिनांक 26.07.2018 द्वारा अवगत कराया गया है, कि जनपद में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी के साथ सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0 द्वारा भी निर्देशित किया गया है, कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 के अनुपालन हेतु शपथ, रैली एवं येलो लाइन कैम्पेन के माध्यम से आम–जनमानस को जागरूक करें, जिससे तम्बाकू से होने वाली हानियों से बचा जा सके।

उक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप माह अगस्त, 2018 में (01.08.2018 से 30.08.2018) तक राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 के क्रियान्वयन हेतु "तम्बाकू से आजादी" **(Freedom from Tobacco)** अभियांन चलाकर प्रत्येक स्वास्थ्य इकाइयों, समस्त सरकारी प्रतिष्ठानों पर जन–जगरूकता कार्यक्रम चलायें जायें तथा प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुये स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सरकारी प्रतिष्ठानों में तम्बाकू छोड़ने हेतु 15 अगस्त, 2018 को झण्डारोहण के बाद शपथ दिलायी जायेगी। इसी के साथ आप अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को यह निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि वह अपने विभाग में सिगरेट एव तम्बाकू सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध करें तथा अपने कार्यालय के बाहर "धूम्रपान निषेध क्षेत्र" व "यहाँ धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है" का लिखा हुआ 60 X 30 से0मी0 का साइनेज लगवाना सुनिश्चित करें।

उक्त सम्पूर्ण गतिविधियों को सम्पन्न कराये जाने की रूप–रेखा इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। इसी के साथ यह भी कहना है कि, आप दिनांक 15 अगस्त, 2018 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ लेते हुये कार्यालय प्रमुख सहित समस्त कर्मचारियों की एक फोटो व कार्यालय से बाहर येलो लाईन के साथ ली हुई एक फोटो अद्योहस्ताक्षरी को ई0–मेल आई0डी0 nrhm_bareilly@rediffmail.com पर दिनांक 17.08.2018 को सांय 05:00 बजे तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बरेली।
तद्दिनांक

पत्रांक :–मु0चि0अ0/त0नि0प्रको0/2018–19/

प्रतिपिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2. राज्य नोडल अधिकारी, राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, उ0प्र0 लखनऊ।
3. राज्य सलाहकार, राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, उ0प्र0 लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, यू0पी0बी0एच0ए0, उ0प्र0 लखनऊ।
5. जिलाधिकारी, बरेली।
6. नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0, बरेली।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बरेली।